## प्रारूप

**अहर्ता तिथि दिनांक 01.01.2026 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के क्रम में BLA एवं अन्य के साथ दिनांक 9/12/25 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण**

आज दिनांक 09/12/2025 को विशेष तौर पर अनुपस्थित/स्थानांतरित/मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले तथा जिनके गणना पत्रक प्राप्त नहीं हो पा रहे है के संबंध में BLO-BLA एवं अन्य की मीटिंग का आयोजन मतदान केन्द्र क्र. 134 नाम देहरीखेड़ा पर किया गया जिसमें संलग्न सूची अनुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के BLA उपस्थित हुए। साथ ही BLO के सहयोगी द्वारा भी अपनी उपस्थिति, उपस्थिति पत्रक में दर्ज की गई। उपरोक्त सभी की उपस्थिति, परिशिष्ट–1 (उपस्थिति पत्रक) पर संलग्न है।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्र क्र. 23/2025-ERS (Vol.II) दिनांक 27.10.2025 एवं पत्र क्र. 23/2025-ERS (Vol.II) दिनांक 30.11.2025 में वर्णित निर्देशों के तारतम्य में दिनांक 04.11.2025 से गणना पत्रकों का वितरण एवं प्राप्त करने की कार्यवाही निरंतर जारी है, यह कार्य अंतिम चरण में है तथा दिनांक 11.12.2025 को पूर्ण होगा। वर्तमान में जो गणना पत्रक प्राप्त हो गए है, उनके संबंध में डिजिटलाईजेशन का कार्य किया गया तथा दिनांक 9/12/25 तक 01 अनुपस्थित, 8 स्थानांतरित, 11 मृत एवं 5 दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता की जानकारी संकलित हुई है, यह **जानकारी अभी अंतिम नहीं है**। इसका अवलोकन सभी उपस्थित BLAs द्वारा किया गया, साथ ही इस सूची का वाचन भी किया गया। मतदान केन्द्र पर इसे चस्पा भी किया गया। उपस्थित सभी BLA एवं अन्य से अपील की गई यदि उपरोक्त जानकारी में कोई विसंगति प्रतीत हो रही है, तो तत्काल अवगत कराया जाए ताकि उन मतदाताओं के संबंध में जानकारी दिनांक 11.12.2025 के पूर्व BLO App के माध्यम से अपडेट की जा सके।

(बीएलओ के हस्ताक्षर)

बीएलओ का नामः– केवल प्रसाद अहिरवार

मतदान केन्द्र क. व नामः–134–देहरीखेड़ा



134 देहरीखेड़ा